हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 15 जुलाई 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 23.2 डिग्री


4

शिक्षा गुणवत्ता में जिले ने रचा कीर्तिमान पीजीआई 2.0 में पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम









## दुर्घटना में घायल बैल ने भी मौके पर ही तोड़ा दम

# मवेशी से टकराई बाइक, हादसे में युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पत्थलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम तमता टोंगरी पारा के पास सोमवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। तेज रफ्तार बाइक के आवारा मवेशी से टकरा जाने के कारण एक युवक की मौत हो गई, टक्कर इतनी भीषण थी कि मवेशी की भी मौके पर ही मौत हो गई।



जानकारी के अनुसार, ग्राम चंदागढ़ निवासी रामप्रसाद चक्रेश उम्र 22 वर्ष पिता सुखलाल चक्रेश तमता से घरेलू सामान खरीदकर बाइक से वापस अपने घर लौट रहा था। शाम करीब 7 बजे जैसे ही वे टोंगरी पारा के पास पहुंचा, अचानक सड़क पर एक बैल आ गया। रफ्तार अधिक होने के कारण बाइक सीधे मवेशी से जा टकराई। राहगीरों ने बताया कि भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में घायल बैल की मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई। बाइक चालक रामप्रसाद चक्रेश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही राहगीरों की मदद से डायल 112 की टीम को बुलाया गया। 112 की मदद से घायल रामप्रसाद को तत्काल सिविल अस्पताल पत्थलगांव ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। रात को पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल के मर्चुरी में रखवा दिया था। दूसरे दिन पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।





### मृतक के परिवार मचा कोहराम

वहीं हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। घटना के बाद मंगलवार सुबह स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मदद से मृत मवेशी को सड़क से हटाकर दूर खेत में ले जाया गया और गड्ढा खोदकर उसे दफनाया गया।

### पुलिस की जांच शुरू

जिले में पुलिस विभाग लगातार लोगों को सड़क सुरक्षा और हेलमेट पहनने के लिए जागरूक कर रही है। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में इसका खास असर देखने को कम ही मिल रहा है। तेज रफ्तार और सड़क पर घूमते आवारा मवेशी आए दिन लोगों की जान ले रहे हैं। फिलहाल पत्थलगांव पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।




# गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

लाखझार में 17 से 20 अप्रैल 2027 को होने वाले राष्ट्र शौर्य समृद्धि 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को लेकर गायत्री चेतना केंद्र में रविवार को जिला स्तरीय बैठक हुई।

ब्लॉक समन्वयक प्रकाशचंद्र यादव द्वारा शांतिकुंज से प्रेषित कार्यक्रम की स्वीकृति एवं आशीर्वाद पत्र को पढ़कर सुनाया गया। बैठक में राष्ट्र शौर्य समृद्धि 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ समिति के संरक्षक पवन अग्रवाल, अध्यक्ष टिकेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष पूर्णोचंद्र बेहरा सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, जिला के मुख्य ट्रस्टी सहदुल प्रसाद सिंह, ट्रस्टी, जिला समन्वयक कांशीराम श्रीवास, प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ सहसमन्वयक दौलत राम चौहान तथा जिले के सभी ब्लॉक समन्वयक एवं गायत्री परिवार के सक्रिय परिजन भाई बहनों की उपस्थिति रही। बैठक में शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शनानुसार ब्लॉक के सभी 108 गांवों में दीप यज्ञ, एक कुण्डीय एवं पंचकुण्डीय गायत्री यज्ञ, जनसंपर्क एवं घर-घर गायत्री परिवार अभियान चलाकर प्रत्येक परिवार तक युगऋषि के विचार एवं यज्ञीय संस्कृति पहुँचाने का संकल्प लिया गया। साथ ही विभिन्न समितियों का दायित्व निर्धारण कर महायज्ञ को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया।

## खबर संक्षेप



### महामदेश्वर धाम में पौधरोपण कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग महामदेश्वर धाम में आज विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रंजीत दीवान रहे। विशिष्ट अतिथियों में करनाल सिंह, शगौरी शंकर सिंह, दुर्गा दास , बीडीसी अक्षय मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता ईश्वर सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। महामदेश्वर धाम में आयोजित यह वृक्षारोपण अभियान धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में संपन्न हुआ।

### दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए रायपुर में प्रवेश प्रारंभ

**जशपुरनगर।** शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय, माना कैम्प रायपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दिव्यांग विद्यार्थियों के प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। यह प्रवेश श्रवण बाधित न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले विद्यार्थियों के लिए है। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर 2 पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। बीपीए बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स में गायन और तबला वादन संगीत की पढ़ाई होगी जिसके लिए दृष्टि बाधित और अस्थि बाधित विद्यार्थी पात्र हैं। वहीं बी०एफ०ए० बैचलर ऑफ फाईन आर्ट्स में चित्रकला विषय है जिसके लिए श्रवण बाधित और अस्थि बाधित विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। 12 वीं उत्तीर्ण इच्छुक दिव्यांग विद्यार्थी आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ प्रवेश ले सकते हैं।

### 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा एवं नैसर्गिक विपत्तियों से होने वाली जनहानि पर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्राकृतिक आपदाओं में हुई मृत्यु के 3 प्रकरणों में कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा कुल 12 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अपर कलेक्टर प्रदीप साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील कांसाबेल के ग्राम नकबार निवासी सुखयारो बाई की कुआं के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनकी माता श्रीबाई को कुल 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है। तहसील मनोरा अंतर्गत ग्राम खोखसो बेंजोरा निवासी जयपाल राम की नाला के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी मनकुमारी बाई को कुल 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार तहसील मनोरा अंतर्गत ग्राम बेंजोरा निवासी दिलसार अंसारी की कुआं के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके पिता जमील अंसारी को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# कलेक्टर ने दिए सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप संचालित सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के क्रियान्वयन संबंध में सोमवार को कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना का जिले में बेहतर क्रियान्वयन किया जाना है।

- पात्र हितग्राहियों को 31 प्रकार की शासन की योजनाओं से किया जाएगा लाभान्वित
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ करने के दिए सख्त निर्देश

योजना के तहत हितग्राहियों को 31 योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। इसके लिए सर्वेक्षण कार्य के माध्यम से छुटे हुए हितग्राहियों का चिन्हांकन करके योजना का लाभ दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार सभी एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने अधिकारियों को बताया कि सुघ्घर अभियान के तहत हितग्राहियों को जॉब कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,राशन कार्ड, जल जीवन मिशन, आयुष्मान कार्ड, आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का शत-प्रतिशत पंजीयन,जननी सुरक्षा योजना,आय जाति निवास प्रमाण पत्र,विवाह प्रमाणपत्र, गर्भवती महिलाओं और बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, आधार कार्ड, कौशल विकास योजना से युवाओं का प्रशिक्षण,श्रम कार्ड, आदि अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने मंगल भवन, सामुदायिक भवन,सीसी रोड, सांस्कृतिक भवन,खेल मैदान, मिनी स्टेडियम, आदि प्रगतिरत निर्माण कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन के लंबित आवेदनों का भी गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

# अफसर की बदसलूकी से नाराज कर्मचारियों ने किया बहिष्कार

**जशपुरनगर।** जिला पंचायत के सभागार में जिला प्रशासन द्वारा एग्रीस्टेक के पंजीयन के प्रशिक्षण हेतु जिले के सभी कृषि विस्तार अधिकारियों को बुलाया गया था। एग्रीटेक के पंजीयन के मामले में जशपुर जिला पिछड़ रहा था अतः उस कमी को पूरा करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। प्रशिक्षण के प्रारंभ में ही एक अफसर द्वारा कृषि विस्तार अधिकारियों को अपमानजक शब्दों से संबोधित किया गया। जिससे उपस्थित कृषि विस्तार अधिकारी आक्रोशित हो गए एवं प्रशिक्षण छोड़ हॉल से बाहर निकल गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लगभग 40 प्रति माहिला कृषि विस्तार अधिकारी भी उपस्थित थी और उन्हीं महिला अधिकारियों के समक्ष अपमानजक शब्दों का उपयोग किया गया। जिससे नाराज सभी कृषि विस्तार अधिकारियों ने प्रशिक्षण छोड़ हंगामा करना शुरू कर दिया। कृषि विस्तार अधिकारियों ने बताया कि हम अपना काम करने आए हैं न की किसी की गाली सुनने जिस काम के लिए हमको बुलाया गया है उस काम के पटवारी व अन्य राजस्व विभाग का सहयोग होता है उनके बिना एग्रीस्टिक का पंजीकरण संभव नहीं है। जो काम हम अकेले नहीं कर सकते उस काम के लिए गाली सुनना गंवार नहीं है। आधे घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद मानमनौवल करके कृषि विस्तार अधिकारियो को वापस प्रशिक्षण हॉल में वापस लाया गया।

# परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने चलाया जा रहा विशेष अभियान

**जशपुरनगर।** जिले में परिवार नियोजन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार की अवधारणा को मजबूत करने के उद्देश्य से 11 से 18 जुलाई 2026 तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आमजन को परिवार नियोजन के महत्व से अवगत कराएं तथा इस संबंध में समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर कर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीएस जात्रा ने जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर परिवार नियोजन, सुरक्षित मातृत्व, स्वस्थ परिवार और जनसंख्या स्थिरीकरण का संदेश देगा तथा लोगों को उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं और परिवार नियोजन के साधनों की जानकारी प्रदान करेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि ₹जब बच्चे में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल₹ थीम पर आयोजित इस अभियान का उद्देश्य दंपतियों को गर्भधारण के उचित समय, दो बच्चों के बीच कम से कम तीन वर्ष का सुरक्षित अंतराल रखने तथा परिवार नियोजन के विभिन्न उपायों के प्रति जागरूक करना है।

- सास-बहू सम्मेलन सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का होगा आयोजन




### पुरुष नसबंदी पर 3,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि

सरकार द्वारा परिवार नियोजन अपनाने वाले हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरुष नसबंदी कराने पर 3,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े के दौरान 11 से 18 जुलाई तक जिला चिकित्सालय जशपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव में प्रतिदिन पुरुष नसबंदी ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी योग्य दंपतियों से अपील की है कि वे परिवार नियोजन अपनाकर स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल परिवार के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें तथा उपलब्ध निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# तेन्दूपत्ता संग्राहकों को मिली करोड़ों की संग्रहण एवं प्रोत्साहन राशि

**जशपुरनगर।** राज्य सरकार द्वारा वनवासियों और तेन्दूपत्ता संग्राहकों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इन्हीं जनहितकारी पहलों के तहत तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक को बढ़ाकर 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा किया गया है। साथ ही जंगलों में कार्य करने वाले वनवासियों की सुरक्षा, सुविधा और सम्मान को ध्यान में रखते हुए चरण पादुका वितरण योजना का भी प्रभावी संचालन किया जा रहा है।

- हजारों वनाश्रित परिवारों को मिला सीधा आर्थिक लाभ, ऑनलाइन भुगतान से बढ़ी पारदर्शिता

इन निर्णयों से प्रदेश सहित जशपुर जिले के वनाश्रित परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित, जशपुरनगर के माध्यम से तेन्दूपत्ता संग्राहकों के हित में संचालित योजनाओं के अंतर्गत संग्रहण पारिश्रमिक एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में ऑनलाइन किया गया है। इस व्यवस्था से भुगतान प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, समयबद्ध और जवाबदेह बनी है तथा संग्राहकों को बिना किसी बिचौलिये के उनकी मेहनत का उचित पारिश्रमिक प्राप्त हो रहा है। तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2023 के अंतर्गत जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित, जशपुरनगर की 24 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में से 4 समितियां लाभ की स्थिति में रहीं। इन समितियों से जुड़े 7,210 तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 27 लाख 76 हजार 686 रुपये की प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाइन हस्तांतरित की गई। इससे संग्राहकों को उनके श्रम का अतिरिक्त आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ और उनकी आय में वृद्धि हुई। तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2026 में जिले की 24 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से 33,968 संग्राहकों ने तेन्दूपत्ता संग्रहण किया। इन सभी संग्राहकों को संग्रहण कार्य के एवज में 16 करोड़ 37 लाख 17 हजार 680 रुपये 50 पैसे की पारिश्रमिक राशि ऑनलाइन माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था लागू होने से भुगतान प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। राशि सीधे बैंक खातों में पहुंचने से बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है तथा संग्राहकों को समय पर उनकी मेहनत का पूरा प्रतिफल मिल रहा है।



### वनाश्रित परिवारों की आजीविका को मिला संबल

तेन्दूपत्ता संग्रहण छत्तीसगढ़ के वनाश्रित परिवारों के लिए आजीविका का प्रमुख स्रोत है। राज्य शासन द्वारा संग्रहण पारिश्रमिक एवं प्रोत्साहन राशि का नियमित भुगतान कर संग्राहकों की आय बढ़ाने के साथ-साथ उनके आर्थिक हितों की भी सुरक्षा की जा रही है। इससे ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है और वनोपज आधारित आजीविका को नया प्रोत्साहन प्राप्त हो रहा है। जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित, जशपुरनगर ने संग्राहकों से आगामी तेन्दूपत्ता संग्रहण सत्र में भी गुणवत्तापूर्ण संग्रहण करने तथा शासन की विभिन्न वनोपज हितग्राही योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की है।

## इंटीग्रिटी एजुकेशन का डिप्लोमा वितरण समारोह

# एसएसपी बोले- सफलता के लिए अनुशासन और जागरूकता जरूरी

**जशपुरनगर।** शहर की प्रतिष्ठित कंप्यूटर शिक्षण संस्था इंटीग्रिटी एजुकेशन एआईएसईसीटी में सोमवार को डीसीए एवं पीजीडीसीए के विद्यार्थियों का डिप्लोमा एवं अंकसूची वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह रहे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति समारोह का मुख्य आकर्षण रही। समारोह को संबोधित करते हुए डीआईजी लाल उमेद सिंह ने कहा - निरंतर प्रयास से ही सफलता की प्राप्ति होती है। मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी ही व्यक्ति को आगे बढ़ाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीक का जिम्मेदारी के साथ उपयोग करने की अपील करते हुए साइबर अपराधों से सतर्क रहने का संदेश दिया। साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और स्वयं के साथ दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखने की सीख दी। उन्होंने कहा कि आज के युवा देश का भविष्य हैं। यदि वे अपने कौशल के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझेंगे, तो निश्चित रूप से समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

- विद्यार्थियों को साइबर और सड़क सुरक्षा का दिया संदेश





### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की निदेशक श्रीमती अंजना शर्मा ने की। संस्था के प्रबंधक हिमालय शर्मा एवं डॉ.आर्या शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान सभी सफल विद्यार्थियों को डिप्लोमा एवं अंकसूची प्रदान की गई तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।






# काउबॉय हैट लुक में नजर आए सलमान...

**मुंबई।** जल्द ही सलमान खान की अपकमिंग फिल्म मातृभूमि रिलीज होगी। इसी बीच उन्हें मुंबई के बांद्रा में एक डबिंग स्टूडियो के बाहर देखा गया। पैपराजी भाईजान की तस्वीरें और वीडियो लेने के लिए मौके पर नजर आए। एक वायरल वीडियो में सलमान खान काउबॉय हैट लुक में दिखाई दिए, जो उन पर खूब जंच रहा था। वायरल वीडियो में सलमान ने यूनीक काउबॉय हैट पहनी थी साथ ही उनके गले में एक पेंडेंट भी था, उस पर तीन नग लगे थे। यह पेंडेंट उनके लुक को और भी खास बना रहा था। सलमान खान 'मातृभूमि' नाम की एक देशभक्ति से भरी फिल्म कर रहे हैं।

लाइफ Style



# जैस्मिन

## लाइव कॉन्सर्ट में किया सगाई का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' ने जमकर तबाही मचाई थी। इसके सभी कलाकारों को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। वहीं, इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के गानों को भी काफी पसंद किया गया है।

इन गानों को सिंगर जैस्मीन सैंडलस ने भी अपनी आवाज दी है, जो फिलहाल अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दिल्ली में उन्होंने अपने मंगेतर शेखर चौधरी से फैंस को रुबरु कराया है? 'धुरंधर' के साथ-साथ जैस्मीन सैंडलस की लोकप्रियता में भी गजब का इजाफा हो गया था। वो आज के वक्त की मशहूर और चर्चित सिंगर्स में से एक बन चुकी हैं। सिंगर ने हाल ही में दिल्ली में एक लाइव कॉन्सर्ट किया। इस दौरान उन्होंने फैंस को हैरान क दिया। स्टेज पर उन्होंने शेखर चौधरी को अपने फैंस से मिलवाया। स्टेज पर दोनों की केमिस्ट्री देखने लायक रही। बीच कॉन्सर्ट में शेखर ने स्टेज पर एंट्री ली. जैस्मीन ने दौड़कर शेखर को गले लगा लिया और ऐलान किया कि शेखर के साथ उनकी सगाई हो चुकी है। जैस्मीन ने कहा, 'तू आ ही गया चौधरी साहब स्टेज ते, दिस इज माई मैन, एवरीबडी.' वहीं इसके अलावा उन्होंने कहा, 'ये वही इंसान हैं जिन्होंने मुझे रिंग पहनाई है, ये मेरे हैं।' शेखर चौधरी को लाइमलाइट से दूर रहना पसंद हैं। तभी तो सगाई के बाद लोगों को पता लग पाया है कि जैस्मीन और शेखर रिलेशनशिप मे हैं। बता दें कि जहां जैस्मीन म्यूजिक और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से ताल्लुक रखती हैं तो वहीं शेखर का इस फील्ड से कोई रिश्ता नहीं है।

## हॉलीवुड मसाला



# 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**लॉस एंजिल्स।** जुरासिक पार्क फ्रैंचाइजी में डॉ. एलन ग्रांट का किरदार निभाने वाले न्यूजीलैंड के एक्टर सैम नील का सोमवार को निधन हो गया। वो 78 साल के थे। पांच दशकों से ज्यादा लंबे कॅरियर में नील ने 150 से ज्यादा फिल्मों और शो में काम किया। उनकी फिल्मों की लिस्ट में डेड काम, द हंट फॉर रेड अक्टूबर, द जंगल बुक, इन द माउथ ऑफ मैडनेस, इवेंट होराइजन, बाइसेंटेनियल मैन, द डिश, पीटर रैबिट और ताइका वाइटीटी की हंट फॉर द वाइल्डरपीपल शामिल हैं।



# माइकल ने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'माइकल'24 अप्रैल को रिलीज हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म किया और इसे दर्शकों से खूब प्यार मिला। अब फिल्म ने एक नया माइलस्टोन हासिल किया है। 'माइकल'ने दुनियाभर में 1 बिलियन डॉलर (करीब 100 करोड़) की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही यह दुनिया की पहली बायोपिक फिल्म बन गई है, जिसने यह मुकाम हासिल किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने विदेशों में 629.8 मिलियन डॉलर (5,996.28 करोड़) और घरेलू बॉक्स ऑफिस (अमेरिका) में 371.8 मिलियन डॉलर की कमाई की है। इस तरह फिल्म की कुल कमाई 1.001 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। यह फिल्म अप्रैल में रिलीज हुई थी और तभी से लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है।



# हेमा की बायोपिक के लिए दीपिका पहली पसंद

**नई दिल्ली।** ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी की जिंदगी अगर कभी बड़े पर्दे पर उतरी, तो उनका किरदार कौन निभाएगा? ये सवाल सालों से फैंस के मन में घूम रहा था। अब खुद हेमा मालिनी ने इस सस्पेंस से पर्दा उठा दिया है। 60 साल के फिल्मी सफर का जश्न मना रहीं हेमा मालिनी ने साफ कर दिया कि अगर उनकी बायोपिक बनती है, तो वो उसमें दीपिका पादुकोण को देखना चाहेंगी। हेमा ने कहा कि अगर दीपिका चाहें तो वो उनका रोल कर सकती हैं। उन्होंने दीपिका की तारीफ करते हुए कहा कि वो खूबसूरत हैं, टैलेंटेड हैं और इस किरदार के साथ पूरा इंसाफ कर सकती हैं। हेमा और दीपिका का रिश्ता नया नहीं है। साल 2017 में जब हेमा मालिनी की बायोग्राफी लॉन्च हुई थी, तब भी उन्होंने दीपिका को ही इसके लिए चुना था।



# सात साल बाद गोविंदा का कमबैक...

**नई दिल्ली।** हीरो नंबर 1 गोविंदा अब एक बार फिर बड़े पर्दे पर कमबैक करने के लिए तैयार हैं। वो फिल्म रूपा में नजर आने वाले हैं। गोविंदा ने रूपा की अनाउंसमेंट कर दी है। इस फिल्म में वो नई एक्ट्रेस रानी स्वर्णकार संग दिखेंगे. फिल्म को गोविंदा प्रोड्यूस भी कर रहे हैं। गोविंदा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में बात की। फिल्म के बारे में उन्होंने कहा, 'अब मैं तैयार हूं। अब आगे आप पूरी कास्ट को देख पाएंगे. मुझे ऐसा लगता है कि ये अलग तरह की फिल्म होगी खासकर यंगस्टर्स के लिए। बहुत ही उम्मीदों के साथ यंगस्टर्स शुरुआत करते हैं, लेकिन वो कभी-कभार भटक जाते हैं। माया का जो हिस्सा हम दिखा सकते हैं वो मैं अब इस फिल्म में दिखाने जा रहा हूं। यंगस्टर्स भीड़ में खोए हुए व्यक्ति की तरह न लगे।'

## टीवी मसाला



# आदर्श बाल विद्यालय का ट्रेलर आया सामने कॉमेडी और ह्यूमर से भरपूर दिखी कहानी

**नई दिल्ली।** हिमांक गौर के निर्देशन में बनी नई कॉमेडी-ड्रामा सीरीज आदर्श बाल विद्यालय का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ये सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली है। बच्चों की अतरंगी मस्ती से भरपूर सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय'का ट्रेलर सामने आ गया है। ट्रेलर में ज्ञानेश्वर त्रिपाठी (केके मेनन द्वारा अभिनीत) नाम का एक लापरवाह स्कूल प्रिंसिपल नजर आता है, जो कैम्ब्रिज में सरकार द्वारा प्रायोजित एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में अपने स्कूल के बच्चों को भेजना चाहता है। उनकी इसी इच्छा के कारण वे अपनी टीचर्स की टीम के साथ मिलकर स्कूल के बच्चों को सुधारने की कोशिश करते हैं, लेकिन बिगड़ेल बच्चों की हरकतों की वजह से उसे कैम्ब्रिज का सपना अधूरा लगने लगता है। इस बीच उसे कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ट्रेलर में हल्की-फुल्की कॉमेडी, बच्चों की मस्ती और मनोरंजन से भरपूर एक सीरीज की झलक देखने को मिलती है। 'आदर्श बाल विद्यालया' सीरीज में केके मेनन, अर्चना पूरन सिंह, नवीन कस्तूरिया, प्रसन्ना बिष्ट, देवेन भोजानी, अजितेश गुप्ता, अन्नपूर्णा सोनी, प्राची शाह और अभिमन्यु सिंह नजर आएंगे। इसका निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। इस सीरीज के कुल 7 एपिसोड आएंगे। सीरीज 24 जुलाई से भारत और दुनिया भर में हिंदी भाषा और अंग्रेजी सबटाइटल के साथ स्ट्रीम होगी।

## बिग बॉस को टक्कर देने आया भोजपुरी बवाल

**नई दिल्ली।** जब भोजपुरी मनोरंजन जगत के सबसे बड़े सुपरस्टार एक ही टेबल पर साथ बैठते हैं, तो नतीजा सिर्फ एक मुलाकात नहीं, बल्कि 'बवाल' होता है। 2 अगस्त को होने वाले प्रीमियर से पहले, जियोहॉटस्टार



और कलर्स ने 'भोजपुरी बवाल' की पहली झलक जारी की है, जो दर्शकों को आनेवाली बेबाक बातचीत, मस्ती, टकराव और जबरदस्त मनोरंजन की एक रोमांचक झलक दिखाती है। पवन सिंह, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', आम्रपाली दुबे, काजल राघवानी और तेज प्रताप यादव पहली बार भारत की पहली प्रीमियम सेलिब्रिटी-फॉलो रियलिटी सीरीज में बेबाक अंदाज में नजर आएंगे. वीडियो की शुरुआत डिनर टेबल पर बैठे कलाकारों से होती है, जहां वे इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि शो को दर्शकों के सामने कैसे पेश किया जाए. लेकिन कुछ ही पलों में बातचीत अप्रत्याशित मोड़ ले लेती है। हल्की-फुल्की नोकझोंक बहस में बदल जाती है, मजाक आरोपों का रूप ले लेता है और सभी सितारे एक-दूसरे से जुड़ी अफवाहों, विवादों और लोगों की धारणाओं पर खुलकर बात करने लगते हैं।

# कहानी ऐसी हो, जो सोचने पर मजबूर करे : जॉन अब्राहम

**मुंबई।** पिछले काफी वक्त से जॉन अब्राहम रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनने वाली मुंबई के पूर्व कमिश्नर राकेश मारिया की बायोपिक को लेकर चर्चाओं में हैं। हाल ही में जॉन अब्राहम ने राकेश मारिया का किरदार निभाने और असल जिंदगी के लोगों को पर्दे पर उतारने की जिम्मेदारी के बारे में बात की। साथ ही उनका मानना है कि सिनेमा का काम सिर्फ मनोरंजन करना नहीं है। इसे फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के जेहन में बने रहना चाहिए। एक बातचीत के दौरान जॉन ने कहा कि दमदार कहानी कहने का तरीका ऐसा होना चाहिए, जो मनोरंजन करे, सोचने पर मजबूर करे और फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के मन में बसी रहे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर कहानी आपको कुछ न कुछ देकर जानी चाहिए। मनोरंजन जरूरी है, सिनेमा को हमेशा आपको जोड़े रखना चाहिए। लेकिन अगर कोई फिल्म थिएटर से निकलने या उसे देखने के बाद भी आपके साथ बनी रहती है, तो यह और भी अच्छी बात है। मैं प्रोजेक्ट्स इसलिए नहीं चुन रहा हूं कि वे कोई खास बात कहना चाहते हैं। मैं उन्हें इसलिए चुनता हूं क्योंकि मुझे लगता है कि वे ईमानदार हैं, अच्छी तरह से कही गई हैं और भावनात्मक रूप से जोड़ने वाली हैं। अगर उनसे बातचीत शुरू होती है, तो यह एक बोनस है।



## राकेश मारिया का निभाएंगे किरदार

इतने साल में एक प्रोड्यूसर के तौर पर मुझे एहसास हुआ है कि मैं ऐसी कहानी को सामने लाने में मदद कर सकता हूं जिसे देखा जाना चाहिए। आखिर में, कहानी ही सबसे अहम होती है। अगर वह मुझे प्रभावित करती है, तो मैं उसे सपोर्ट करूंगा। मुंबई के पूर्व कमिश्नर राकेश मारिया की बायोपिक को लेकर भी जॉन अब्राहम ने बात की। उन्होंने कहा कि राकेश मारिया का करियर हमारे देश के इतिहास की कुछ अहम घटनाओं से जुड़ा रहा है, इसलिए उन्हें पर्दे पर उतारने में एक बड़ी जिम्मेदारी का एहसास होता है। जब आप किसी असली इंसान का किरदार निभाते हैं, तो मकसद उनकी नकल करना नहीं होता, बल्कि उनकी पब्लिक इमेज के पीछे छिपे असली इंसान को समझना होता है।

# जापान में धुरंधर का बुरा हाल, बॉक्स ऑफिस पर साबित हुई डिजास्टर...

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह स्टारर और आदित्य धर निर्देशित धुरंधर ने देश और दुनियाभर में ब्लॉकबस्टर परफॉर्म किया था। वहीं, ये फिल्म 10 जुलाई को जापान में रिलीज की गई थी, लेकिन यहां ये फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकामयाब साबित हुई है। जापान में फिल्म की ओपनिंग काफी ठंडी रही है। बता दें कि जापान में 'धुरंधर' को एक बड़ा झटका लगा है। आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी इस बड़े बजट की एक्शन ड्रामा फिल्म को 10 जुलाई को देश भर में लगभग 80 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहले दिन 900 से भी कम दर्शकों ने यह फिल्म देखी। गौरतलब है कि इसे जापानी मार्केट में ज़ोर-शोर से प्रमोट किया गया था बावजूद इसके ये जापानी बॉक्स ऑफिस पर पहले ही दिन फुस्स साबित हुई है। इसी के साथ ये जापान में किसी भारतीय फिल्म की सबसे कमज़ोर ओपनिंग में से एक बन गई है। हैरानी की बात ये है कि ये फिल्म जापान में अपने पहले दिन टॉप 25 फिल्मों में भी जगजह नहीं बना पाई।



## जापानी दर्शकों को पसंद आई फिल्म

रिलीज के स्केल को देखते हुए, ओपनिंग के आंकड़े ट्रेड के लिए एक बड़ा सरप्राइज रहे हैं। रिलीज से पहले फिल्म से अच्छी उम्मीदें थीं। हालांकि, जापानी दर्शकों को यह फिल्म पसंद नहीं आई, जिसके कारण ज्यादातर जगहों पर बहुत कम लोग फिल्म देखने पहुंचे। गौरतलब है कि जापान में आरआरआर और साहो जैसी कई भारतीय फिल्में सफल रही हैं और उन्होंने ओपनिंग डे पर बहुत ज्यादा दर्शक जुटाए थे। इसके उलट, 'धुरंधर' की शुरुआत पुष्पा 2 जैसी ही धीमी रही। दरअसल, पुष्पा 2 को भी रिलीज से पहले जबरदस्त चर्चा के बावजूद पहले दिन 900 से कम दर्शक मिले थे। यह ट्रेंड बताता है कि जापानी मार्केट में ग्लोबल पॉपुलैरिटी को बॉक्स ऑफिर पर सक्सेस में बदलना एक चुनौती है।

## तीसरी बेगम से रक्तांचल 3 तक, मनोरंजन की होगी बारिश

# इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** यह वीक सिनेमा प्रेमियों के लिए काफी खास है। हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' इसी वीक सिनेमाघरों में सजेगी। इसके अलावा रहूं मैं तेरे रूबरू और महाप्रभु जगन्नाथ भी रिलीज होने वाली हैं। थिएटर्स से अलग ओटीटी पर भी कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज रिलीज होंगी।




### मर्डर 101

नाम से ही साफ है कि यह एक मर्डर मिस्ट्री है। अमेरिका के दशकों पुराने अनसुलझे मर्डर केस पर आधारित यह इन्वेस्टिगेशन सीरीज सिर्फ अपने तीन एपिसोड के साथ फिलहाल रिलीज हो रही है। इसमें एलेक्स कैंपबेल लीड रोल में हैं। 13 जुलाई से यह सीरीज प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है।

### राइड और डाई

यह एक एक्शन-कॉमेडी सीरीज है। दो दोस्तों की जिंदगी पर बनी यह सीरीज इस वीक रिलीज होगी। इसे 15 जुलाई से अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकेगा। इसमें हन्ना वाडिंगहैम और ऑक्टेविया स्पेंसर लीड रोल में हैं।

### तीसरी बेगम

यह फिल्म भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह वेब्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देगी। इसके लिए दर्शकों को कोई शुल्क अदा नहीं करना होगा वेब्स पर यह मुफ्त में स्ट्रीम होगी। निर्माता, लेखक एवं निर्देशक के सी बोकाड़िया की यह फिल्म 18 जुलाई से स्ट्रीम होगी।

### रक्तांचल सीजन 3

इस वीक 'रक्तांचल सीजन 3' भी आ रही है। यह एमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। रितम श्रीवास्तव निर्देशित सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। दर्शक बिना किसी सब्सक्रिप्शन के मुफ्त में इस सीरीज को एंजॉय कर सकते हैं। इसकी कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी इस वेब सीरीज का पहला सीजन साल 2020 में और दूसरा सीजन 2022 में आया था।

### डिजायर

इस हफ्ते की ओटीटी लिस्ट में 'डिजायर' भी है। यह 17 जुलाई, 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में लुडविका पालेटा और जोस मारिया याजपिक जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म एक ऐसे परिवार की कहानी पर आधारित है, जिसमें एक स्विमिंग कोच के आने से गहरा और खतरनाक भावनात्मक मोड़ आता है।

### 23,000 लाइव्स

यह जर्मन ड्रामा फिल्म है। 23,000 लाइव्स। 23,000 लाइव्स 17 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म 'जुगेंड रेटेट' नाम के युवाओं के एक ग्रुप की सच्ची कहानी पर आधारित है, जिन्होंने क्राउडफंडिंग के जरिए एक पुराना जहाज खरीदा और भूमध्य सागर में 23,000 से ज्यादा लोगों की जान बचाई थी।

## खबर संक्षेप



### खेल महाकुंभ में डीएवी की छात्रा शिवानी तिर्की ने जीता स्वर्ण पदक

**राजपुर।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट अंतर्गत आयोजित छत्तीसगढ़ जोन क्लस्टर स्तरीय खेल महाकुंभ में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातु की 10वीं की छात्रा शिवानी तिर्की ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के साथ शिवानी का चयन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए भी हो गया है। छत्तीसगढ़ जोन के क्लस्टर स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन डीएवी पब्लिक स्कूल एसईसीएल बिश्रामपुर, भटगांव एवं चिरमिरी में क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में 17 डीएवी विद्यालयों के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिवानी तिर्की की इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। शिवानी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों तथा विशेष रूप से शिक्षिका रूचि सोनी को दिया। विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष झा ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सफलता निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से ही प्राप्त होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि शिवानी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, जिले और प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगी।

### अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, चार हाइवा जब्त



**सूरजपुर।** कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशन में खनिज अमला, राजस्व अमला एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा जिले में खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध सतत जांच एवं कार्रवाई की जा रही है। जांच के दौरान पत्थर, गिट्टी, मुरुम, मिट्टी, ईंट, रेत आदि खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर संलग्न मशीनरी एवं वाहनों को नियमानुसार जब्त कर अवैध उत्खनन, परिवहन का प्रकरण दर्ज किया जा रहा है तथा अर्थदंड की वसूली भी की जा रही है। इसी क्रम में माह जुलाई में विभागीय अमला एवं जिले में गठित टास्क फोर्स द्वारा 13 जुलाई को भैयाथान के गंगोटी क्षेत्र से 4 वाहनों से कुल 56 घन मीटर अवैध रेत का परिवहन करते पाया गया। अवैध वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चारों हाइवा को पुलिस थाना बसदेई में सुपुर्द कराया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रखने की बात कही गई है।

वर्षा के अभाव में धान की रोपाई प्रभावित

# बारिश के लिए एक-दो दिन का इंतजार बदली मानसून द्रोणिका की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अच्छी वर्षा के लिए सरगुजा संभाग के लोगों को अभी एक-दो दिन का इंतजार करना पड़ सकता है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार एक-दो दिन में खाड़ी में नया सिस्टम प्रभावी होने की संभावना है जिसके प्रभाव से शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में अच्छी वर्षा होने की संभावना है।

**खास बात**

- बढ़ रहा तापमान, उमस से लोगों का बुरा हाल

चार-पांच दिन पूर्व ही मानसून ब्रेक की स्थिति निर्मित होने की संभावना जताई जा रही थी लेकिन इसी दौरान अवदाब के सक्रिय होने के कारण सरगुजा में अच्छी वर्षा हुई। हाल में हुई वर्षा से किसानों को काफी राहत मिली तथा कुछ क्षेत्रों में किसान तेजी से धान सहित अन्य फसलों की रोपाई-बुनाई में जुट गए हैं। मध्य छत्तीसगढ़ की तुलना में उत्तर छत्तीसगढ़ में काफी कम वर्षा हुई है। मैनपाट, उदयपुर अम्बिकापुर तहसील क्षेत्र में अच्छी वर्षा होने के कारण धान की रोपाई एवं बुनाई में तेजी आई है जबकि लुण्ड्रा एंव बतौली तहसील क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम वर्षा हुई है जिसके कारण किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। बड़ी संख्या में किसानों ने जून में ही धान का बीड़ा लगा दिया था जो अब तैयार हो गया है लेकिन खेतों में पानी नहीं भरने के कारण रोपाई ठप हो गई है। जिन किसानों का बीड़ा अधिक समय का हो गया है वे नदी-नाले एवं गड्ढों में जमा पानी से खेतों की सिंचाई कर धान की



खेत के समीप डबरी से सिंचाई करते किसान।

#### सामान्य से 2 डिग्री ऊपर पहुंचा पारा

पिछले दो दिनों से बारिश पूरी तरह से बंद है। वर्षा बंद होने के बाद लगातार धूप निकल रही है जिससे उमस एवं गर्मी बढ़ गई है। इसके पूर्व हर दिन कमोवेश वर्षा हो रही थी जिससे उमस से राहत थी। धूप निकलने के कारण अब लगातार दिन एवं रात के तापमान में वृद्धि हो रही है। मौसम कार्यालय द्वारा सोमवार को अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है जो सामान्य से 2.1 डिग्री अधिक है। इसी तरह न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है जो सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक है। तापमान में और वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है।

#### धान की रोपाई होगी प्रभावित

जल्द वर्षा नहीं हुई तो धान की रोपाई पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है। कृषि वैज्ञानिक मक्का, दलहन एवं तेलहन फसलों की बुनाई एवं बीजों में अच्छे अंकुरण के लिए वर्तमान मौसम को अच्छा बता रहे हैं। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि धूप नहीं निकलने पर मिट्टी की नमी अधिक होने के कारण बीज सड़ जाएंगे जबकि धूप निकलने पर बीजों में अच्छा अंकुरण होगा। हाल में हुई बारिश के बाद पूर्व में धान का बीड़ा लगाने वाले किसान अब रोपाई कर रहे हैं वहीं बड़ी संख्या में किसान अब धान का बीड़ा लगा रहे हैं। जल्द अच्छी वर्षा नहीं हुई तो धान की रोपाई पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

रोपाई कर रहे हैं। धान का बीड़ा अधिक समय का होने पर अनुपयोगी हो जाएगा इसलिए किसान जैसे-तैसे धान की रोपाई कर रहे हैं। इधर मौसम विज्ञानियों का कहना है कि मानसून द्रोणिका का पूर्वी छोर उत्तर की ओर खिसक गया है तथा उत्तरी बिहार में शिफ्ट हो गया है जिसके कारण मध्य भारत में वर्षा नहीं हो रही है। बंगाल की खाड़ी में एक-दो दिन में नया सिस्टम प्रभावी होने की संभावना है। सिस्टम के प्रभावी होते ही मानसून द्रोणिका की स्थिति में बदलाव होगा तथा सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ के अन्य हिस्सों में अच्छी वर्षा होगी। मानसून द्रोणिका का पश्चिमी छोर सामान्य स्थिति में है। मौसम विज्ञानी के अनुसार वर्तमान में उत्तरी बंगाल की खाड़ी, दक्षिणी बंग्लादेश के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण प्रभावी है वहीं उत्तर बिहार से मणिपुर तक एक द्रोणिका सक्रिय है। मौसमी घटकों के प्रभाव से खाड़ी से पर्याप्त नमी पहुंच रही है जिसके कारण आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही स्थानीय प्रभाव से छिटपुट वर्षा होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी इस दौरान गरज-चमक होने के साथ ही कहीं-कहीं तेज रफ्तार आंधी चलने एवं वज्रपात की घटनाएं होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

#### एक-दो दिन में होगी वर्षा

बंगाल की खाड़ी में सिस्टम प्रभावी होने के बाद एक-दो दिन में अच्छी वर्षा होने की संभावना है। चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पर्याप्त नमी पहुंच रही है तथा गरज-चमक के साथ छिटपुट वर्षा होने की संभावना है।

-अक्षय मोहन भट्ट
मौसम, विज्ञानी



## नवपदस्थ लटोरी तहसीलदार ने पीएचसी अजबनगर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लटोरी की नवपदस्थ तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल ने पदभार ग्रहण करने के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अजबनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं तथा मौसमी बीमारियों से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। उनके अचानक पहुंचे निरीक्षण से स्वास्थ्य केंद्र का पूरा अमला सतर्क नजर आया।

तहसीलदार ने सबसे पहले गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, सुरक्षित प्रसव की व्यवस्था तथा आने वाले दिनों में संभावित प्रसव की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से पूछा कि वर्तमान में कितनी गर्भवती महिलाएं पंजीकृत हैं, पिछले महीने कितने सुरक्षित प्रसव कराए गए और आगामी महीने में कितनी डिलीवरी होने की संभावना है। तहसीलदार ने निर्देश दिए कि प्रत्येक गर्भवती महिला की नियमित स्वास्थ्य जांच, समय पर टीकाकरण, पोषण संबंधी परामर्श और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया जाए, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम रखा जा सके।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता, अस्पताल की साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया कि बरसात के मौसम में फैलने वाली बीमारियों को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता बढ़ाई जाए और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त तैयारी रखी जाए। तहसीलदार ने हल्का पटवारी संतोष प्रजापति को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने पाए। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा अतिक्रमण की सूचना मिलते ही नियमानुसार तत्काल कार्रवाई की जाए। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक एवं समस्त स्वास्थ्य स्टाफ के अलावा सांसद प्रतिनिधि कन्हाई लाल विश्वास, सुवेंदु चटर्जी, अर्जुन यादव, देवदास सेन गुप्ता, विप्लव मजूमदार सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन की नवगठित सूरजपुर ब्रांच की प्रथम मीटिंग, नई कार्यकारिणी का चयन

**बिश्रामपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लोको पायलटों के संगठन ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन की नवगठित सूरजपुर शाखा की प्रथम ब्रांच जनरल मीटिंग रविवार को ग्राम उच्चडीह स्थित सूरजपुर रोड रेलवे स्टेशन पर उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित हुई। इस दौरान शाखा की पहली कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद वेदी पर माल्यार्पण एवं संगठन के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। सभा में सूरजपुर रोड, बिलासपुर, रायगढ़, शहडोल और बिजुरी शाखाओं से पहुंचे सैकड़ों लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलटों ने हिस्सा लिया। सभा में बताया गया कि वर्ष 2018 में सूरजपुर रोड स्टेशन पर संयुक्त क्रू लॉबी की स्थापना के बाद से ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोशिएशन, बिजुरी शाखा के अंतर्गत रहकर रनिंग कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य कर रहा था, लेकिन लोको पायलटों की बढ़ती संख्या और कार्य घंटे, आवास, अस्पताल, माइलेज सहित स्थानीय समस्याओं के



समाधान के लिए स्वतंत्र शाखा की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसी उद्देश्य से बिलासपुर मंडल के अंतर्गत संगठन की नई सूरजपुर शाखा का गठन किया गया। सम्मेलन को संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया,इसमें पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष कामरेड एच.एस. भदौरिया, मंडल संयोजक अमित कुमार दास,रजनीश कुमार अर्बन बैंक डायरेक्टर संदीप तिवारी, तथा मंडल सचिव विकास सिंह गहरवार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें मृत्युंजय कुमार को शाखा अध्यक्ष, धर्मेंद्र कुमार को वर्किंग प्रेसिडेंट, दीपक कुमार एवं मुकेश प्रसाद को उपाध्यक्ष, सौरभ कुमार सिंह को शाखा सचिव, मनीष कुमार चौहान को कोषाध्यक्ष, पवन कुमार को सहायक कोषाध्यक्ष, सनी सिंह एवं मनीष पाल को सहायक सचिव, सुधीर कुमार, राजीव रंजन एवं राकेश पाल को ऑर्गेनाइजर सचिव चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती और रनिंग कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया,कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त दीपक सिंह ने किया। उक्त जानकारी संगठन सचिव आरके दुबे ने दी ।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीणा की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बाग बहार अंतर्गत ग्राम छाता सराई निवासी सुखराम भगत आ.स्व. जगीराम (49 वर्ष) शराब पीने का आदि था। पिछले 2-3 दिन से शराब पी रहा था। रविवार की दोपहर जब पत्नी मवेशी चराने गई थी तभी सुखराम ने घर मे रखे कीटनाशक को पी लिया। जब पत्नी घर लौटी और पति को उल्टी करते देख घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन सुखराम को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

**हेल्थ प्लस**

### सुरगुजा हीरो में ग्राहकों ने किया हीरो एचएफ डीलक्स प्रो का माइलेज टेस्ट

**अंबिकापुर।** सुरगुजा हीरो अंबिकापुर द्वारा हीरो मोटोकॉर्प की नई हीरो एचएफ डीलक्स प्रो मोटरसाइकिल का विशेष माइलेज टेस्ट अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में ग्राहकों को अपनी एचएफ डीलक्स प्रो मोटरसाइकिल के साथ आमंत्रित किया गया, जहां सभी वाहनों में निःशुल्क फुल टैंक पेट्रोल भरवाकर



लगभग 60 किलोमीटर तक निर्धारित मार्ग पर माइलेज परीक्षण कराया गया। माइलेज परीक्षण में ग्राहकों की मोटरसाइकिलों ने शानदार प्रदर्शन किया। मायापुर, अंबिकापुर निवासी उपेंद्र सोनी की बाइक ने 128 किमी प्रति लीटर, बनारस रोड, लटोरी निवासी अजय कुमार की बाइक ने 124 किमी प्रति लीटर तथा ग्राम महुआपारा निवासी रवि रंजन की बाइक ने 119 किमी प्रति लीटर का माइलेज प्राप्त किया। उत्कृष्ट माइलेज प्राप्त करने वाले सभी ग्राहकों को सुरगुजा हीरो द्वारा प्रमाण-पत्र एवं आकर्षक उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुरगुजा हीरो के प्रतिनिधियों ने कहा कि आज के बढ़ते ईंधन खर्च के दौर में हीरो मोटोकॉर्प की एचएफ डीलक्स प्रो अपनी बेहतरीन ईंधन दक्षता, भरोसेमंद प्रदर्शन और कम रखरखाव लागत के कारण ग्राहकों की पहली पसंद बन रही है। कंपनी की उन्नत तकनीक बेहतर फ्यूल एफिशिएंसी प्रदान करने के लिए विकसित की गई है।

## चढ़ावा के चोरी की जवाबदेही उन लोगों की जो श्री रामलाल मन्दिर प्रबंध में थे : सिंहदेव

**अंबिकापुर।** राममंदिर में चढावा और चंदा चोरी और मंदिर निर्माण में आर्थिक अनियमितताओं को लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से श्री राम मंदिर तक आक्रोश रैली निकाल विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि यह लोगों की आस्था पर अक्षम्य कुठाराघात है। चढावा के चोरी की जबाबदेही सीधे उन लोगों की है जो श्री रामलला मंदिर के प्रबंध में थे और जिन लोगों ने उन्हें वहां बैठाया।

पूर्व मंत्री श्री सिंहदेव ने कहा कि यह समस्त प्रबंधन संतो और गुरुजनो को एवं ऐसे स्वतंत्र लोगों को दे देना चाहिये जो आम लोगों की आस्था के प्रति जवाबदेह हों। प्रबंधन में संघ का कब्जा स्वीकार नहीं है। संघ परिवार की मंशा सभी मंदिरों का प्रबंधन हडपने की है जो कतई स्वीकार नहीं है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के चंदा चोरों को भगवान सद्बुद्धी दे। उन्होंने कहा कि



संघ परिवार के गतल कृत्य से राममंदिर प्रांगण अपवित्र हो गया है। सभी धर्माचार्यों को मंदिर के पवित्रता और पुनः प्राणप्रतिष्ठा के लिये कार्य करना चाहिये। उन्होंने कहा कि एसआईटी को यह भी जांच करना चाहिए कि संघ का जो सेवन स्टार कार्यालय बना है उसमें लगी डेढ सौ करोड की राशि कहीं चंदा चोरी से तो अर्जित नहीं की गई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद केन्द्र की मोदी सरकार के द्वारा नामित ट्रस्ट के द्वारा अयोध्या स्थित श्री रामलला के मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इस ट्रस्ट में मौजूद सभी लोग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिन्दु परिषद के पृष्ठभूमि से हैं। इस मंदिर के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण से लेकर निर्माण में कमीशन और अब चढावा के सैकडो करोड रुपय की चोरी के आरोप इस ट्रस्ट पर लगे हैं।

### राम मंदिर चंदा चोरी के विरोध में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**सूरजपुर।** अयोध्या स्थित राम के भव्य मंदिर निर्माण के नाम पर देशभर से एकत्रित किए गए चंदे में कथित रूप से हुई 'चंदा चोरी' और भारी वित्तीय अनियमितताओं का मामला अब पूरी तरह गरमा चुका है। इस संवेदनशील और बड़े मुद्दे को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज डालमिया एवं ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष जफर हैदर के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय से अग्रसेन चौक तक पैदल यात्रा करते हुए अग्रसेन चौक में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने सीधे तौर पर केंद्र सरकार और मंदिर ट्रस्ट के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेसियों ने कहा कि प्रभु श्री राम देश के करोड़ों नागरिकों के आस्था के केंद्र हैं। देश के गरीब से लेकर अमीर तक हर वर्ग ने अपनी कमाई का हिस्सा राम मंदिर निर्माण के लिए समर्पित किया था लेकिन सामने आई वित्तीय अनियमितताओं और जमीनों की खरीद-फरोख्त में हुए खेल ने यह साबित कर दिया है कि आस्था के नाम पर जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। कांग्रेस ने इस चंदा चोरी की जांच कराने की मांग की है। इस दौरान नरेश राजवाड़े, कुसुमलता राजवाड़े, मनोज अग्रवाल, हेमेंद्र गुप्ता, वीरेन्द्र बंसल, विष्णु कसेरा, आकाश साहू, भावना सिंह नेताम, नीरज तायल, मधु साहू, धर्मेन्द्र सिंह, राजेश साहू, सूरज अवस्थी, किशुन सिंह, संजय जैन, दिनेश सोनी, रामचन्द्र राजवाड़े, सैयद सलीम, गिरधारी साहू, प्रशांत साहू, चंदूल राम, लालचंद देवांगन, प्रवीण सोनी, शिवम साहू, अफरोज खान, कबीर देवांगन,आशीष कुशवाहा, शिव राजवाड़े, मनीष देवांगन, मदन पैकरा, चिराग यादव, सोनू यादव, आशीष कुमार, मुकेश देवांगन, लक्की सिंह, अर्जुन यादव, सत्या प्रजापति, मोंटी राजवाड़े, विकास सिंह, पृथ्वी देवांगन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## 10वीं वाहिनी सशस्त्र बल के जवानों में मानसिक सुदृढ़ता के लिए कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशन तथा सीएमएचओ डॉ. केडी पैकरा के मार्गदर्शन में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा 10 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल सिलफिली में तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम हेतु गेटकीपर प्रशिक्षण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा बलों के जवानों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, कार्यस्थल पर उत्पन्न होने वाले तनाव के प्रभावों को समझाना तथा तनाव से प्रभावी ढंग से निपटने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी उपलब्ध कराना रहा।

कठिन कार्य परिस्थितियों में निरंतर सेवा देने वाले जवानों के लिए मानसिक संतुलन एवं भावनात्मक सुदृढ़ता को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हुए यह पहल की गई। इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने तनाव के कारणों, उसके लक्षणों, तनाव प्रबंधन की प्रभावी तकनीकों, सकारात्मक सोच तथा भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही आत्महत्या के चेतावनी संकेतों की समय रहते पहचान करने तथा प्रभावित व्यक्ति को उचित समय पर सहायता एवं परामर्श उपलब्ध कराने के महत्व को रेखांकित किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को श्वास-व्यायाम, रिलैक्सेशन तकनीक तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।









खबर संक्षेप

## 19 जुलाई तक लगाया जाएगा एचपीवी वैक्सीन

**सारंगढ़।** जिला अस्पताल सारंगढ़ में 14 से 15 वर्ष के बालिकाओं क्रो ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से होने वाले कैंसर और बीमारियों के अलावा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन 13 से 19 जुलाई तक निःशुल्क लगाया जाएगा, जिसमें बालिकाओं क्रो आधार कार्ड और अभिभावक का सहमति पत्र लाना होगा।

## हार्निया का सफल ऑपरेशन

**कटेली।** जिला चिकित्सालय सारंगढ़ ने एक और बड़ी चिकित्सा उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। अस्पताल के वरिष्ठ सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. राकेश साहू और उनकी टीम द्वारा संस्थान में पहली बार हार्नियोप्लास्टी का अत्यंत सफल ऑपरेशन किया गया। जिला चिकित्सालय में इस तरह के जटिल और विशेषज्ञता वाले ऑपरेशनों की शुरुआत होना क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक बड़ा वरदान है। हमारा निरंतर प्रयास है कि दूर दराज के मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही निशुल्क उपलब्ध कराई जा सकें। डॉ. राकेश साहू और पूरी सर्जिकल टीम की यह उपलब्धि अस्पताल के बढ़ते सामर्थ्य को दर्शाती है। इसके साथ ही जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने भी स्वास्थ्य विभाग और जिला चिकित्सालय की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन जिला अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा संसाधनों और सुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है ताकि जिले के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य लाभ पहुंच सके। 13 जुलाई को हुए इस पहले हर्नियोप्लास्टी ऑपरेशन को डॉ. राकेश साहू सर्जरी विशेषज्ञ के साथ एनेस्थीसिया टीम, नर्सिंग स्टाफ और ओटी तकनीशियनों की टीम ने बेहद कुशलता के साथ अंजाम दिया। वर्तमान में मरीज पूरी तरह स्वस्थ है और डॉक्टरों की देखरेख में है।

## पेंशनरों की बैठक में प्रदेशाध्यक्ष हुए शामिल

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज विकासखंड बिलाईगढ का विशेष बैठक पवनी में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवृतमान प्रदेशाध्यक्ष चेतन भारती एवं कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अध्यक्ष बीएल चंद्राकर के उपस्थिति में पवनी हाईस्कूल में दोपहर बाद 12 जुलाई को आयोजित किया गया। अध्यक्षता एस एन पंडा ने किया विशिष्ट अतिथि जीआर टंडन रहे। 80 वर्ष पार होने पर बट्टूलाल साहू एवं दफ्तर सिंह ठाकुर का श्रीफल से सम्मान किया गया। इसी तरह नए पेंशनर सदस्य के रुप में भारत बंजारे, ज्योति लाल पटेल, जवाहरलाल प्रेमी, आनंद प्रेमी, बाबूलाल साहू, बिहारी लाल आदित्य, हरिराम जयसवाल, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, श्याम सुंदर सांवर, बिहारी लाल सिंह ठाकुर, गैस जराम सोनवानी, किशन लाल साहू, छेदीलाल यादव को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रुप में बम्हनीनडीह से मनोज कुमार तिवारी, पोषण तिवारी शामिल रहे। चेतन भारती ने पुराने पेंशनरों के हक में एरियर्स दिलाने की न्यायलीन कार्यवाही किये थे। जिस पर जीत हुई एवं अब 59 महिनें का एरियर्स राशि पात्र एवं हकदार पेंशनर लोगों को मिलेगा, इस उपलब्धि पर सभी को बधाई दिए। मुकेश नायक द्वारा सिनियर सिटिजन के लिए योजनाओं को बताया एवं सभी को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अवगत कराने अपना मोबाईल नंबर दिए। इस महति आयोजन में बिलाईगढ पेंशनर समाज के सभी पदाधिकारी शामिल हो कर सहयोग प्रदान किए। मौके पर निरंजन देवांगन, दशरथ लाल साहू, अमरनाथ खटकरएपी एस ठाकुर, रामजी साहू, आर डी साहू, भूषणलाल खुंटे, आशाराम बंजारे, पंचराम साहू आदि सहित भारी संख्या में पेंशनर सदस्य शामिल रहे।

## गोड़म में हुआ सीड बाल प्लांटेशन

**सारंगढ़।** पर्यावरण संरक्षण के लिए जिले के ग्राम पंचायत गोड़म में 13 जुलाई क्रो बीज उत्सव कार्यक्रम के तहत सीड बाल प्लांटेशन किया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के बिहान योजना के स्व सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में योगदान देंगी।

### 600 में 329 अंक के साथ प्रचेष्टा-1 श्रेणी में सर्वोच्च स्थान

# शिक्षा गुणवत्ता में जिले ने रचा कीर्तिमान पीजीआई 2.0 में पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (पीजीआई 2.0) भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित विद्यालयी शिक्षा के मूल्यांकन की एक वैज्ञानिक प्रणाली है। इसके माध्यम से राज्यों एवं जिलों की शिक्षा व्यवस्था का आकलन विद्यार्थियों के सीखने के परिणाम, प्रभावी कक्षा संचालन, डिजिटल शिक्षा, विद्यालयी अधोसंरचना, शिक्षक उपलब्धता, समावेशी शिक्षा, शैक्षणिक प्रबंधन तथा विभिन्न शैक्षणिक संकेतकों के आधार पर किया जाता है। इसका उद्देश्य केवल रैंकिंग देना नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में सतत सुधार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण तथा बेहतर शैक्षणिक परिणाम सुनिश्चित करना है। इसी पीजीआई 2.0 में रायगढ़ जिले ने पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया है। जिले को कुल 600 में 329 अंक प्राप्त हुए हैं, जिसके आधार पर रायगढ़ को प्रचेष्टा-1 श्रेणी प्राप्त हुई है।

यह उपलब्धि किसी एक दिन का परिणाम नहीं, बल्कि पिछले दो वर्षों से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के दूरदर्शी नेतृत्व, शिक्षा सुधार के प्रति उनकी विशेष प्राथमिकता, नियमित समीक्षा एवं सतत मॉनिटरिंग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे के प्रभावी मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्यामानंद साहू, डीएमसी आलोक स्वर्णकार के नेतृत्व में शिक्षा विभाग द्वारा सुनियोजित रणनीति, टीमवर्क और नवाचार आधारित कार्यप्रणाली के साथ किए गए निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है। पीजीआई 2.0 के अंतर्गत जिले का मूल्यांकन कुल 600 अंकों के आधार पर किया गया, जिसमें परख/राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के 180 अंक, प्रबंध पोर्टल के 10 अंक तथा यू-डाइस प्लस पोर्टल के 410 अंक निर्धारित हैं। प्राप्त अंकों के आधार पर जिलों को विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है। रायगढ़ ने 329 अंक अर्जित कर पूरे प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। विशेष रूप से सीखने के परिणाम, प्रभावी कक्षा संचालन, शैक्षणिक प्रबंधन एवं विद्यालयी प्रदर्शन जैसे महत्वपूर्ण मानकों में जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्यामानंद साहू ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता जिले के सभी प्राचार्यों, शिक्षकों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल समन्वयकों, पालकों, विद्यार्थियों तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सभी शैक्षणिक पोर्टलों पर समयबद्ध एवं त्रुटिरहित जानकारी दर्ज कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि आगामी वर्षों में रायगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। डीएमसी आलोक स्वर्णकार ने पूरी शिक्षा टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले की सामूहिक सफलता है।



**डिजिटल शिक्षा बनी सफलता का मजबूत आधार**

पिछले दो वर्षों में जिले में डिजिटल शिक्षा को विशेष प्राथमिकता दी गई। डिजिटल शिक्षा का उद्देश्य सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण एवं रुचिकर शिक्षण उपलब्ध कराना है। इसके अंतर्गत स्मार्ट क्लास, डिजिटल बोर्ड, प्रोजेक्टर, कंप्यूटर, ई-कंटेंट, ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तथा दीक्षा जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया गया। शिक्षकों को डिजिटल संसाधनों के उपयोग के लिए नियमित प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया गया, जिससे कक्षाओं में तकनीक आधारित शिक्षण को बढ़ावा मिला और विद्यार्थियों के सीखने की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

**यू-डाइस पोर्टल पर विशेष फोकस बना उपलब्धि का आधार**

पीजीआई 2.0 में सर्वाधिक 410 अंक यू-डाइस प्लस पोर्टल से निर्धारित हैं। इसे ध्यान में रखते हुए जिले के सभी विद्यालयों में समयबद्ध, शत-प्रतिशत एवं त्रुटिरहित डेटा प्रविष्टि सुनिश्चित करने के लिए विशेष रणनीति के साथ कार्य किया गया। नियमित समीक्षा, डेटा सत्यापन एवं तकनीकी मार्गदर्शन के कारण जिले का प्रदर्शन उल्लेखनीय रूप से बेहतर हुआ। भविष्य में भी यू-डाइस प्लस पर डेटा की गुणवत्ता और समयबद्ध प्रविष्टि सुनिश्चित कर जिले के अंकों में और वृद्धि करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले में विद्यालयों का नियमित निरीक्षण, शैक्षणिक सीखने के स्तर का सतत मूल्यांकन, शिक्षक प्रशिक्षण, आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, समावेशी शिक्षा तथा नवाचार आधारित गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा दिया गया। प्रत्येक पीजीआई संकेतक पर योजनाबद्ध ढंग से कार्य करते हुए शिक्षा विभाग की पूरी टीम ने उत्कृष्ट परिणाम सुनिश्चित किए।



## कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं त्वरित समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

कलेक्टर श्री व्यास ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनदर्शन में आमजन ने अपनी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व संबंधी प्रकरण, पेयजल, सड़क, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, अधोसंरचना विकास, आजीविका संवर्धन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़ी मांगें एवं समस्याएं शामिल थीं। कलेक्टर श्री व्यास ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर उनका समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, इसलिए प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि आवेदनों पर की गई कार्रवाई की जानकारी संबंधित आवेदकों को समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें अपने प्रकरण की स्थिति की स्पष्ट जानकारी मिल सके। कलेक्टर ने विशेष रूप से जनसुविधाओं से जुड़े मामलों जैसे पेयजल, सड़क, स्वच्छता तथा शासकीय योजनाओं के लाभ से संबंधित प्रकरणों पर गंभीरता से कार्रवाई करने पर जोर दिया।

**खास बात**

- आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण एवं समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

## सीएम को दिया गया ऑनलाइन भाषा कक्षाओं के शुभारंभ का आमंत्रण




**रायगढ़।** सामाजिक संगठन विप्र परिवार द्वारा संस्कृत, हिंदी एवं अंग्रेज़ी की निःशुल्क ऑनलाइन भाषा कक्षाओं के शुभारंभ की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में कार्यक्रम के संयोजक एवं संचालक भानु प्रताप मिश्र ने सीएम विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट कर उन्हें कार्यक्रम का शुभारंभ अपने करकमलों से करने के लिए आमंत्रण दिया। इस अवसर पर श्री मिश्र ने सीएम को कार्यक्रम की संपूर्ण अवधारणा, उद्देश्य तथा संचालन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभिनव पहल समाज के प्रत्येक वर्ग को भाषा के माध्यम से ज्ञान, संस्कृति और रोजगारोन्मुखी संचार कौशल से जोड़ने का प्रयास है। कार्यक्रम के अंतर्गत संस्कृत, हिंदी एवं अंग्रेज़ी की निःशुल्क ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएंगी, जिनमें छात्र-छात्राएं, युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक तथा भाषा सीखने के इच्छुक सभी आयु वर्ग के लोग बिना किसी शुल्क के भाग ले सकेंगे। कक्षाओं का संचालन विषय विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा तथा पंजीयन गूगल फॉर्म के माध्यम से कराया जाएगा।

## दिव्यांग गणेश को मिला ट्राइसाइकिल

**रायगढ़।** जिले के धरमजयगढ़ ब्लॉक के ग्राम कमोसिनडांड निवासी जन्म से दिव्यांग गणेश राम यादव के संघर्षपूर्ण जीवन को लेकर प्रकाशित एक मार्मिक समाचार पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को बिना किसी विलंब के शासकीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग ने अभूतपूर्व तत्परता दिखाते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर गणेश राम यादव के लिए ट्राइसाइकिल उपलब्ध करा दी। यह पूरी प्रक्रिया रविवार के शासकीय अवकाश के दिन भी पूरी की गई, जो राज्य सरकार की संवेदनशील और जवाबदेह कार्यप्रणाली का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आई है।

## राष्ट्रीय समारोह में सम्मानित होंगे जिले के 7 शिक्षक

**जशपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह–2026 का आयोजन 15 जुलाई को विमतारा मधु पिल्ले चौक शांति नगर रायपुर में किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि पूर्व विभागाध्यक्ष भाषा विज्ञान पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. चितरंजन कर, राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत डॉ. पूर्णानंद मिश्रा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं एनआर स्टील रायगढ़ के संस्थापक संजय अग्रवाल करेंगे।

इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए देशभर से लगभग 700 आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी आवेदनों का गहन अध्ययन, मूल्यांकन एवं सत्यापन राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के उच्चस्तरीय पैनल द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर किया गया। चयन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्ता आधारित रही। इस प्रक्रिया के बाद देश के विभिन्न राज्यों से 250 उत्कृष्ट शिक्षकों का अंतिम चयन सम्मान के लिए किया गया है। उक्त पुरस्कार हेतु जशपुर जिले से संतोषी डनसेना प्रधानपाठक शाप्राशा छिंदबहरी विकासखण्ड पत्थलगांव, गणेश राम चौहान प्रधानपाठक शाप्रा शाला खुंटीटोली विकासखण्ड कांसाबेल, नमिता खेस्स सहायक शिक्षक प्रा शाला रायकोना विकासखण्ड जशपुर, रीना रानी गोश्वामी सहायक शिक्षक प्राशा नदीडिपा जशपुर, अनुपमा कुजूर सहायक शिक्षक प्राशा नदीडिपा जशपुर, अनिल कुमार कश्यप सहायक शिक्षक प्राशा पैकू विकासखण्ड जशपुर, सुनैना तिर्की सहायक शिक्षक प्राशा बडेगम्हरिया का चयन हुआ है। संस्था के अनुसार यह सम्मान केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का राष्ट्रीय अभिनंदन है। चयनित शिक्षकों ने अपने विद्यालयों और समुदायों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचारी शिक्षण पद्धतियों, बाल-केंद्रित गतिविधियों, नैतिक मूल्यों के संवर्धन, डिजिटल शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

**खास बात**

- राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए देशभर से 700 आवेदन मिले हैं

## अदाणी पावर लिमिटेड के पावर प्रोजेक्ट विस्तार को मिला जनसमर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा आयोजित अदाणी पावर लिमिटेड की प्रस्तावित फेज-III (2×800 मेगावाट अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए सोमवार को ग्राम सुपा, तहसील पुसौर में पर्यावरणीय जनसुनवाई हुई। इस दौरान परियोजना प्रभावित 29 ग्राम पंचायतों से आए ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने परियोजना के समर्थन में अपने विचार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास, रोजगार सृजन एवं औद्योगिक प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना 14 सितंबर के प्रावधानों के तहत आयोजित इस जनसुनवाई की अध्यक्षता अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने की। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी मानवेंद्र शेखर पाण्डेय की उपस्थिति में जनसुनवाई की संपूर्ण कार्यवाही निर्धारित वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अनुविभागीय दंडाधिकारी, रायगढ़ महेश शर्मा तथा सहायक कलेक्टर गोकुल आरके भी मंचासीन रहे। संपूर्ण प्रक्रिया प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल की निगरानी में शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। जनसुनवाई के दौरान अदाणी पावर लिमिटेड के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने फेज-III विस्तार परियोजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। परियोजना में अपनाई जाने वाली अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल टेक्नालाजी, पर्यावरण संरक्षण उपायों, वायु गुणवत्ता प्रबंधन, जल संरक्षण, फ्लाई ऐश प्रबंधन, हरित विकास, जैव विविधता संरक्षण तथा पर्यावरण प्रबंधन योजना के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने ग्रामीणों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों, सुझावों एवं जिज्ञासाओं का विस्तारपूर्वक एवं संतोषजनक उत्तर दिया। अपने विचार व्यक्त करते हुए अनेक ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि परियोजना के विस्तार से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, स्थानीय व्यापार एवं परिवहन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर बरपाली के सरपंच संजय मैत्री, मिरौनी की सरपंच मीना पटेल, सेमरा के सरपंच गुलाबराम डनसेना, घुघुवा के सरपंच जगन्नाथ चौहान, सरवानी के फणीन्द्र सिदार, अमलीभौना के ओसराम सिदार, सुपा के सरपंच अनिरुद्ध सिदार तथा बूंगा के उपसरपंच दीनबंधु सिदार सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव एवं विचार रखे तथा क्षेत्र के विकास, रोजगार एवं जनकल्याण से जुड़ी अपेक्षाएं व्यक्त कीं।

**खास बात**

- 29 ग्राम पंचायतों के लोगों ने निभाई सहभागिता, वक्ताओं ने परियोजना के समर्थन में अपने विचार रखे






**गांवों में सकारात्मक परिवर्तन**

ग्रामीणों ने यह भी उल्लेख किया कि अदाणी पावर लिमिटेड एवं अदाणी फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, पेयजल, महिला सशक्तिकरण, आधारभूत सुविधाओं एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से आसपास के गांवों में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि फेज-III विस्तार परियोजना के साथ विकास एवं जनकल्याण की ये पहलें और अधिक व्यापक होंगी। अदाणी पावर लिमिटेड ने पुनः आश्वस्त किया कि परियोजना के सभी कार्य भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरणीय मानकों एवं वैधानिक प्रावधानों का पूर्ण पालन करते हुए किए जाएंगे। कंपनी ने पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास, स्थानीय रोजगार, कौशल विकास तथा आसपास के गांवों के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### 80 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

# बाबा सत्यनारायण के जन्मोत्सव पर प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हठयोगी महातपस्वी श्री श्री 108 बाबा सत्यनारायण बाबा के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर जिला साहू संघ द्वारा कर्मा साहू सामुदायिक भवन, मरीन ड्राइव में प्रतिभा सम्मान समारोह, नवनियुक्त एवं मनोनीत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, प्रमुख अतिथि राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि महापौर जीवर्धन चौहान, डीएसपी उन्नति ठाकुर, डीईओ श्यामनंद साहू, संरक्षक सेतराम साहू एवं जिला साहू संघ के जिलाध्यक्ष डिग्रीलाल साहू रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर जिले के लगभग 80 से अधिक प्रतिभावान छात्र छात्राओं, जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए थेए उन्हें प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया। इसके पश्चात जिला साहू संघ, नगर साहू संघ, युवा प्रकोष्ठ एवं अन्य प्रकोष्ठों के नवनियुक्त एवं मनोनीत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। अतिथियों एवं समाजजनों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य अतिथि राधेश्याम राठिया ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक उन्नति शिक्षा, संस्कार और संगठन से होती है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करता है और नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर जिला संगठन सचिव गिरधारी साव, प्रेमलता साहू, उपाध्यक्ष ममता साव, लखलाल साहू तहसील अध्यक्ष रायगढ़, टीकाराम साहू रायगढ़ नगर, पितबासो साव पुसौर, बालचंद साहू खरसिया सहित युवा एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



